an>

Title: Need to include the Keval, Mallah, Manjhi castes in the list of Scheduled Castes.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर): अध्यक्ष महोदया, निषाद समाज संविधान की अनुसूचित जाति एवं

जनजाति की सूची में क्रम संख्या 53 पर अंकित मझवार का ही जाति नाम है। भारत सरकार जनगणना 1961 के एपेंडिक्स ऑफ सेंसस मैन्युअल पार्ट वन उर्फ उत्तर प्रदेश के अनुसार अहिरवार, रविदास, रैदास आदि की गणना उनकी मूल जाति जाटव के नाम से होती है। कनौजिया, बरेठा, रजक की गणना उनकी मूल जाति धोबी के नाम से होती है। लेकिन इसी निर्देश पुस्तिका के क्रमांक 51 पर अंकित मझवार के पर्यायवाची जाति केवट, मल्लाह, मांझी की गणना उनकी मूल जाति मझवार के नाम से नहीं की जा रही है और न ही इन्हें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी किया जा रहा है, जो पूरी तरह से भारत सरकार के जनगणना विभाग के निर्देशों का उल्लंघन है।

इसलिए मेरा सरकार से, माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस प्रकरण को तुरंत संज्ञान में लेते हुए इस समस्या का समाधान करें, जिससे निषाद समाज के साथ न्याय हो सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री मुकेश राजपूत और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।